nt>

Title: Need to check increase in prices of life-saving drugs in the Country.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : उपाध्यक्ष महोदय, देश में दवाओं पर बेतहाशा मूल्य वृद्धि हो रही है, दवाओं की कीमतों पर गहराई से निरीक्षण हो। जनता को दवा ि वक्रेताओं की लूट से बचाना होगा। दवा कंपनी एवं विक्रेता 100 से 200 प्रतिशत मुनाफा कमा रहे हैं। सरकार के पास जीवन रक्षक दवाओं की सूची नहीं है। आम बीमारियों में काम आने वाली 354 दवाएं हैं। 74 दवाओं पर सरकार का नियंत्रण होता है। प्रमुख दवाओं में 10 से 15 प्रतिशत से ज्यादा मूल्य वृद्दि नहीं होनी चाहिए। इससे ज्यादा वृद्धि हो तो दवा कंपनियों से वसूला जाए। जीवन रक्षक 74 दवाओं में थोक विक्रेता 8 प्रतिशत और खुदरा विक्रेता 16 प्रतिशत से ज्यादा कीमत न बढ़ाए। सरकार गरीबी रेखा से नीचे जीने वालों के लिए '**बीमारी सहायता स्कीम" लागू करे। सरकार एक तिहाई अनुदान दे। देश के सभी बड़े-छोटे सरकारी अस्पतालों में मेडिकल स्टोर बने जहां दवा कंपनी से सीधे आए। दवा कीमत नियंत्रण प्राधिकरण बने।**

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Girdhari Yadav − not present.

Shri Brajesh Pathak - not present.